॥ श्री सुधर्मास्वामीने नमः ॥

अहो ! श्रुतम् - स्वाध्याय संग्रह [१६]

लघुक्षेत्रसमास

[गाथा और अर्थ]

—: कर्ता :—

श्री रत्नशेखरसूरिजी म.सा.

—: गुजराती अनुवाद :—

पू.आ. श्री हेमचन्द्रसूरिजी म.सा.

—: संकलन :—

श्रुतोपासक

—: प्रकाशक :—

श्री आशापूरण पार्श्वनाथ जैन ज्ञानभण्डार

शा. वीमळाबेन सरेमल जवेरचंदजी बेडावाळा भवन

हीराजैन सोसायटी, साबरमती, अमदाबाद-380005

Mo. 9426585904

email - ahoshrut.bs@gmail.com

प्रकाशक : श्री आशापूरण पार्श्वनाथ जैन ज्ञानभण्डार

प्रकाशन : संवत २०७६

आवृत्ति : प्रथम

ज्ञाननिधि में से

पू. संयमी भगवंतो और ज्ञानभण्डार को भेट...

गृहस्थ किसी भी संघ के ज्ञान खाते में

५० रुपये अर्पण करके मालिकी कर सकते हैं।

प्राप्तिस्थान :

(१) **सरेमल जवेरचंद फाईनफेब (प्रा.) ली.**
672/11, बोम्बे मार्केट, रेलवेपुरा, अहमदाबाद-३८०००२
फोन : 22132543 (मो.) 9426585904

(२) **कुलीन के. शाह**
आदिनाथ मेडीसीन, Tu-02 शंखेश्वर कोम्पलेक्ष, कैलाशनगर, सुरत
(मो.) 9574696000

(३) **शा. रमेशकुमार एच. जैन**
A-901 गुंदेचा गार्डन, लालबाग, मुंबई-१२.
(मो.) 9820016941

(४) **श्री विनीत जैन**
जगद्गुरु हीरसूरीश्वरजी जैन ज्ञानभण्डार,
चंदनबाला भवन, १२९, शाहुकर पेठ के पास, मीन्ट स्ट्रीट, चेन्नाई-१
फोन : 044-23463107 (मो.) 9389096009

(५) **शा. हसमुखलाल शान्तीलाल राठोड**
७/८ वीरभारत सोसायटी, टीम्बर मार्केट, भवानीपेठ, पूना.
(मो.) 9422315985

मुद्रक : विरति ग्राफिक्स, अहमदाबाद, मो. **8530520629**

Email Id: mishrahemantkumar28@gmail.com

लघुक्षेत्रसमास

जंबूद्वीप अधिकार

वीरं जयसेहरपय-पइट्ठिअं पणमिऊण सुगुरुं च ।
मंदुत्ति ससरणट्ठा, खित्तविआराऽणुमुंछमि ॥१॥

अर्थः-संसार के मुकुटरूप मोक्षस्थान में प्रतिष्ठित श्रीवीरप्रभु को और सुगुरु को नमस्कार करके मन्द (अल्प) बुद्धि होने के कारण अपने स्मरण के लिए क्षेत्रविचार का मैं किंचित् वर्णन करता हूँ।(१)

तिरिएगरज्जुखित्ते, असंखदीवोदही ऊ ते सव्वे ।
उद्धारपलिअपणवीस-कोडिकोडीसमयतुल्ला ॥२॥

अर्थः-तिर्च्छालोक के एक रज्जू प्रमाण क्षेत्र में असंख्य द्वीप तथा समुद्र हैं । वे सारे द्वीप-समुद्र २५ कोडाकोडी उद्धार पल्योपम के समय प्रमाण हैं । (२)

कुरुसगदिणाविअंगुल-रोमे सगवारविहिअअडखंडे ।
बावन्नसयं सहस्सा, सगणउई वीसलक्खाणू ॥३॥

अर्थः-कुरुक्षेत्र के सात दिनों के भेड़ के एक उत्सेधअंगुल प्रमाण बाल के सात बार आठ टुकड़े करने से २०,९७,१५२ टुकड़े होते हैं। (३)

ते थूला पल्ले वि हु, संखिज्जा चेव हुंति सव्वेऽवि ।
ते इक्किक्क असंखे, सुहमे खंडे पकप्पेह ॥४॥

अर्थः-एक योजन के प्याले में भी वे सभी स्थूल टुकड़े संख्याता ही हैं। उन एक-एक टुकड़ों के असंख्य सूक्ष्म टुकड़े मानने चाहिए। (४)

सुहमाणुणिचिअउस्से-हंगुलचउकोसपल्लिघणवट्टे ।
पइसमयमणुग्गहनि-ट्ठिअम्मि उद्धारपलिउ त्ति ॥५॥

अर्थः- सूक्ष्म टुकड़ों से भरा हुआ, उत्सेधांगुल से ४ गाउ प्रमाणवाला गोल प्याला प्रत्येक समय टुकड़ा निकालने से जितने समय में खाली हो जाएँ, वह एक सूक्ष्म उद्धार पल्योपम है। (५)

पढमो जंबू बीओ, धायइसंडो अ पुक्खरो तइओ ।
वारुणिवरो चउत्थो, खीरवरो पंचमो दीवो ॥६॥
घयवरदीवो छट्ठो, इक्खुरसो सत्तमो अ अट्ठमओ ।
णंदीसरो अ अरुणो, णवमो इच्चाइ असंखिज्जा ॥७॥

अर्थः- पहला जंबूद्वीप, दूसरा धातकीखंड, तीसरा पुष्करवरद्वीप, चौथा वारुणिवरद्वीप, पाँचवाँ क्षीरवर द्वीप, छठा घृतवरद्वीप, सातवाँ इक्षुरसद्वीप, आठवाँ नंदीश्वरद्वीप, नौवाँ अरुणद्वीप इत्यादि असंख्य द्वीप हैं। (६,७)

सुपसत्थवत्थुणामा, तिपडोआरा तहाऽरुणाइआ ।
इगणामेऽवि असंखा, जाव य सूरावभास त्ति ॥८॥

अर्थः- सूर्यावभासद्वीप तक अतिसारी वस्तु के नामवाले, त्रिप्रत्यवतार, एक नाम के भी असंख्य अरुण इत्यादि द्वीप हैं। (८)

तत्तो देवे नागे, जक्खे भूए सयंभुरमणे अ ।
एए पंच वि दीवा, इगेगणामा मुणेअव्वा ॥९॥

अर्थः- उसके बाद देवद्वीप, नागद्वीप, यक्षद्वीप, भूतद्वीप तथा स्वयंभूरमण द्वीप - इन पाँचों द्वीपों को एक-एक नामवाला जानना चाहिए। (९)

पढमे लवणो बीए, कालोदहि सेसएसु सव्वेसु ।
दीवसमनामया जा, सयंभुरमणोदही चरमो ॥१०॥

अर्थः- पहले द्वीप के चारों ओर लवणसमुद्र समुद्र है, दूसरे द्वीप के चारों ओर कालोदधि है, शेष सभी द्वीपों के चारों ओर द्वीप के समान नामवाले समुद्र हैं और चरम स्वयंभूरमण समुद्र है। (१०)

बीओ तइओ चरमो, उदगरसा पढमचउत्थपंचमगा ।
छट्ठोऽवि सनामरसा, इक्खुरसा सेसजलनिहिणो ॥११॥

अर्थ:-दूसरा-तीसरा और अन्तिम ये तीन समुद्र पानी जैसे स्वादवाले हैं, पहला-चौथा-पाँचवाँ-छठा ये चार समुद्र अपने नाम जैसे स्वादवाले हैं। शेष सब समुद्र इक्षुरस के जैसे स्वादवाले है। (११)

जंबुद्दीव पमाणं-गुलिजोअणलक्खवट्टविक्खंभो ।
लवणाईआ सेसा, वलयाभा दुगुणदुगुणा य ॥१२॥

अर्थ:- जंबूद्वीप प्रमाणअंगुल से एक लाख योजन की चौड़ाईवाला और गोल है। शेष लवणसमुद्र इत्यादि समुद्र और द्वीप वलय जैसे तथा दुगुने-दुगुने विस्तारवाले हैं। (१२)

वयरामईहिं णिअणिअ-दीवोदहिमज्झगणिअमूलाहिं ।
अट्ठुच्चाहिं बारस-चउमूलेउवरिरुंदाहिं ॥१३॥
वित्थारदुगविसेसो, उस्सेहविभत्तखओ चओ होइ ।
इअ चूलागिरिकूडाइतुल्लविक्खंभकरणाहिं ॥१४॥
गाउदुगुच्चाइ तय-ट्ठभागरुंदाइ पउमवेईए ।
देसूणदुजोअणवर-वणाईं परिमंडिअसिराहिं ॥१५॥
वेईसमेण महया, गवक्खकडएण संपरित्ताहिं ।
अट्ठारसूणचउभत्त-परहिदारंतराहिं च ॥१६॥
अट्ठुच्चचउसुवित्थर-दुपाससक्कोसकुड्डदाराहिं ।
पुव्वाइमहड्ढिअ-देवदारविजयाइनामाहिं ॥१७॥
णाणामणिमयदेहलि-कवाडपरिघाइदारसोहाहिं ।
जगईहिं ते सव्वे, दीवोदहिणो परिक्खित्ता ॥१८॥

अर्थ:- वज्रमय, अपने-अपने द्वीपसमुद्रों के अन्दर जिनका मूल विस्तार माना गया है ऐसी, ८ योजन ऊँची, मूल में और ऊपर १२ व ४ योजन चौड़ी, (जिसमें) दोनों विस्तारों के अन्तर को ऊँचाई से भाग देने पर हानि और वृद्धि होती है ऐसी, मेरुपर्वत की चूलिका-मेरुपर्वत-पर्वतों के कूटों के समान जिनकी चौड़ाई का कारण है ऐसी, २ गाउ ऊँची, उसके आठवें भाग जितनी

चौड़ी, देशोन २ योजन चौड़ा सुन्दर वनवाली-पद्मवरवेदिका से शोभित मस्तकवाली, वेदिकासमान बड़े गवाक्षकटक (जाली) से घिरी हुई, १८ योजन न्यून परिधि को ४ से भाग देने पर जो आता है, उतने द्वारों के आंतरावाले, ८ योजन ऊँचा - ४ योजन चौड़ा - दोनों तरफ १-१ गाउ के बारशाखवाली - द्वारोंवाली, पूर्व आदि दिशाओं में स्थित महर्द्धिक देवों से अधिष्ठित - विजय आदि नामवाले द्वारों से युक्त, विविध मणियों से मण्डित चौखट-दरवाजा-नकूचा आदि से सुशोभित दरवाजावाली जगती से वे सारे द्वीप समुद्र घिरे हुए हैं। (१३-१८)

वरतिणतोरणज्झयछ-त्तवाविपासायसेलसिलवट्टे ।
वेइवणे वरमंडव-गिहासणेसुं रमंति सुरा ॥१९॥

अर्थ:- सुन्दर घास, तोरण, ध्वज, छत्र, कुंड, प्रासाद, पर्वत, शिलापटवाली वेदिका तथा वनों के सुन्दर मण्डपों-गृहों-आसनों में देव रमण करते हैं। (१९)

इह अहिगारो जेसिं, सुराण देवीण ताणमुप्पत्ती ।
णिअदीवोदहिणामे, असंखईमे सणयरीसु ॥२०॥

अर्थ:- यहाँ जिनका अधिकार है उन देव-देवियों की उत्पत्ति अपने द्वीप-समुद्र के नामवाले असंख्यातमे द्वीप-समुद्र में अपनी नगरी में होती है। (२०)

जंबूदीवो छहिं कुल-गिरिहिं सत्तहिं तहेव वासेहिं ।
पुव्वावरदीहेहिं, परिछिन्नो ते इमे कमसो ॥२१॥

अर्थ:- जंबूद्वीप पूर्व-पश्चिम लम्बा छ कुलगिरि (वर्षधर पर्वत) और सात वर्षों (क्षेत्रों) से विभाजित है। वे क्रमशः इस प्रकार हैं - (२१)

हिमवं सिहरी महहिमव-रुप्पि णिसड्ढो अ णीलवंतो अ ।
बाहिरओ दुदु गिरिणो, उभओ वि सवेइआ सव्वे ॥२२॥

अर्थ:- (लघु) हिमवंत, शिखरी, महाहिमवंत, रुक्मी, निषध तथा

नीलवन्त - बाहर से दो-दो पर्वत हैं । वे सभी पर्वत दोनों तरफ से वेदिकावाले हैं । (२२)

भरहेरवय त्ति दुगं, दुगं च हेमवयरण्णवयरुवं ।
हरिवासरम्मयदुगं, मज्झि विदेहु त्ति सग वासा ॥२३॥

अर्थ:- भरत और ऐरवत ये दो, हिमवन्त और हिरण्यवन्त रूपी दो, हरिवर्ष और रम्यक् ये दो, बीच में महाविदेह - ये सात क्षेत्र हैं । (२३)

दो दीहा चउ वट्टा, वेअड्ढा खित्तछक्कमज्झम्मि ।
मेरु विदेहमज्झे, पमाणमित्तो कुलगिरीणं ॥२४॥

अर्थ:-छ क्षेत्रों के मध्य में दो लम्बे और चार गोल वैताढ्य पर्वत हैं, महाविदेह क्षेत्र के मध्य में मेरुपर्वत है । अब कुलगिरियों का प्रमाण कहूँगा । (२४)

इगदोचउसयउच्चा, कणगमया कणगरायया कमसो ।
तवणिज्जसुवेरुलिआ, बहिमज्झब्भितरा दो दो ॥२५॥

अर्थ:- बाहर के, मध्य के और अन्दर के दो-दो कुलगिरि १००, २००, ४०० योजन ऊँचे और क्रमशः (दो) सुवर्णमय, सुवर्णमय, रजतमय, तपनीयसुवर्णमय और वैडूर्यमय हैं । (२५)

दुगअडदुतीस अंका, लक्खगुणा कमेण नउअसयभइआ ।
मूलोवरि समरूवं, वित्थारं बिंति जुअलतिगे ॥२६॥

अर्थ:- लाख से गुणित तथा १९० से विभाजित क्रमशः २-८-३२ अंकों को तीनों युगलों में मूल में और ऊपर समान चौड़ाई कही गई है। (२६)

बावण्णहिओ सहसो, बार कला बाहिराण वित्थारो ।
मज्झिमगाण दसुत्तर-बायालसया दस कला य ॥२७॥
अब्भितराण दुकला, सोलसहस्सऽडसया सबायाला ।
चउचत्तसहस्स दो सय, दसुत्तरा दस कला सव्वे ॥२८॥

अर्थ:- बाहर के पर्वतों की चौड़ाई १,०५२ योजन १२ कला है । मध्य के पर्वतों की चौड़ाई ४,२१० योजन १० कला है । अन्दर के पर्वतों की चौड़ाई १६,८४२ योजन २ कला है । सबकी कुल चोड़ाई ४४,२१० योजन १० कला हैं । (२७-२८)

इगचउसोलसंका, पुव्वुत्तविहीइ खित्तजुयलतिगे ।
वित्थारं बिंति तहा, चउसट्ठिको विदेहस्स ॥२९॥

अर्थ:- लाख से गुणित तथा १९० से विभाजित करने से १-४-१६ अंक क्षेत्र के तीन युगलों का तथा ६४ अंक को महाविदेह का विस्तार कहा गया है । (२९)

पंच सया छव्वीसा, छच्च कला खित्तपढमजुअलम्मि ।
बीए इगवीससया, पणुत्तरा पंच य कला य ॥३०॥
चुलसीसय इगवीसा, इक्ककला तइअगे विदेहि पुणो ।
तित्तीससहस छसय, चुलसीआ तहा कला चउरो ॥३१॥

अर्थ:- क्षेत्रों के पहले जोड़े में ५२६ योजन ६ कला, दूसरे जोड़े में २,१०५ योजन ५ कला, तीसरे जोड़े में ८,४२१ योजन १ कला और महाविदेह में ३३,६८४ योजन ४ कला चौड़ाई है।

पणपन्नसहस सग सय, गुणणउआ णव कला सयलवासा ।
गिरिखित्तंकसमासे, जोअणलक्खं हवइ पुण्णं ॥३२॥

अर्थ:- सभी क्षेत्रों की चौड़ाई ५५,७८९ योजन ९ कला है। पर्वतों और क्षेत्रों की चौड़ाई का कुल योग करने से १ लाख योजन पूर्ण होता है। (३२)

पण्णाससुद्ध बाहिर-खित्ते दलिअम्मि दुसय अडतीसा ।
तिण्णि य कला य एसो, खंडचउक्कस्स विक्खंभो ॥३३॥

अर्थ:- बाहर के क्षेत्रों की चौड़ाई में से ५० बाद करके आधा करने से २३८ योजन ३ कला होता है - यह ४ खंडों की (उत्तर-दक्षिण भरत तथा उत्तर-दक्षिण ऐरवत की) चौड़ाई है । (३३)

गिरिउवरि सवेइदहा, गिरिउच्चत्ताउ दसगुणा दीहा ।
दीहत्तअद्धरुंदा, सव्वे दसजोअणुव्वेहा ॥३४॥

अर्थः- पर्वतों के ऊपर वेदिकावाले द्रह है । ये सभी द्रह पर्वतों की ऊँचाई से दस गुणा लम्बे, लम्बाई से आधी चौडे और दस योजन गहरे है। (३४)

बहि पउमपुंडरीया, मज्झे ते चेव हुंति महपुव्वा ।
तेगच्छिकेसरीआ, अब्भिंतरिआ कमेणेसुं ॥३५॥

अर्थः- वे द्रह बाहर पद्म और पुण्डरीक, मध्य में महापूर्वक के वे ही नाम (महापद्म-महापुण्डरीक) और अन्दर के तिगिच्छि-केसरी नाम के हैं। उनमें क्रमशः (३५)

सिरिलच्छी हिरिबुद्धी, धीकीत्ती नामियाउ देवीओ ।
भवणवइओ पलिओ-वमाउ वरकमलणिलयाओ ॥३६॥

अर्थः-श्री-लक्ष्मी-ह्री-बुद्धि-धी-कीर्ति नाम की, १ पल्योपम आयुष्यवाली, सुन्दर कमल में रहनेवाली भवनपति देवियाँ हैं। (३६)

जलुवरि कोसदुगुच्चं, दहवित्थरपणसयंसवित्थारं।
बाहल्लवित्थरद्धं, कमलं देवीण मूलिल्लं ॥३७॥

अर्थः- देवियों का मूल कमल पानी से ऊपर दो गाउ ऊँचा, द्रह के विस्तार के ५००वें भाग की चौड़ाईवाला और चौड़ाई से आधी मोटाईवाला है । (३७)

मूले कंदे नाले, तं वयरारिट्ठवेरुलिअरूवं ।
जंबुणयमज्झतवणि-जबहिअदलं रत्तकेसरिअं ॥३८॥

अर्थः- वह कमल मूल में - कंद में - नाल में वज्र का - अरिष्टरत्न का - वैडूर्य का, जांबुनदसुवर्ण के मध्य पत्तोंवाला, तपनीय सुवर्ण के बाहर के पत्तोंवाला और लाल केसरावाला है । (३८)

कमलद्धपायपिहुलु-च्चकणगमयकण्णिगोवरिं भवणं ।
अद्धेगकोसपिहुदी-हचउदसयचालधणुहुच्चं ॥३९॥

अर्थः- कमल के (विस्तार के) आधे और चौथाई भाग की चौड़ाई तथा ऊँचाईवाली सुवर्ण की कार्णिका के ऊपर आधा और एक गाउ चौड़ा-लम्बा और १,४४४ धनुष्य ऊँचा भवन है । (३९)

पच्छिमदिसि विणु धणुपण-सय उच्च ढाइज्जसय पिहुपवेसं ।
दारतिगं इह भवणे, मज्झे दहदेविसयणिज्जं ॥४०॥

अर्थः- इस भवन में पश्चिम दिशा के अतिरिक्त ५०० धनुष्य ऊँचे और २५० धनुष्य चौड़े प्रवेशवाले तीन द्वार हैं और बीच में द्रहदेवी की शय्या है । (४०)

तं मूलकमलद्धप्प-माणकमलाण अडहिअसएणं ।
परिक्खित्तं तब्भवणेसु भूसणाईणि देवीणं ॥४१॥

अर्थः- वह मूलकमल मूलकमल के आधे प्रमाणवाले १०८ कमलों के द्वारा आच्छादित है। उसके भवन में देवियों के आभूषण आदि हैं। (४१)

मूलपउमाउ पुव्विं, महयरियाणं चउण्ह चउ पउमा ।
अवराइ सत्त पउमा, अणिआहिवईण सत्तण्हं ॥४२॥

अर्थः- मूलकमल से पूर्व में चार महत्तरिका के चार कमल हैं, पश्चिम में ७ सेनाधिपति के ७ कमल हैं। (४२)

वायव्वाइसु तिसु सुरि-सामण्णसुराण चउसहस पउमा ।
अट्ठदसबारसहसा, अग्गेआइसु तिपरिसाणं ॥४३॥

अर्थः- वायव्य आदि तीन दिशाओं में देवियों के सामानिक देवों के ४,००० कमल हैं, अग्नेय आदि तीन दिशाओं में तीन पर्षदा के ८,०००-१०,०००-१२,००० कमल हैं । (४३)

इअ बीअपरिक्खेवो, तइए चउसु वि दिसासु देवीणं ।
चउ चउ पउमसहस्सा, सोलससहसाऽऽयरक्खाणं ॥४४॥

अर्थः- यह दूसरा वलय है । तीसरे वलय में चारों दिशाओं में देवियों के १६,००० आत्मरक्षक देवों के ४०००-४००० कमल हैं ।

अभिओगाइ तिवलए, दुतीसचत्ताडयाललक्खाइं ।
इगकोडि वीस लक्खा, सड्ढा वीसं सयं सव्वे ॥४५॥

अर्थः- तीन वलय में आभियोगिक आदि देवों के ३२ लाख, ४० लाख और ४८ लाख कमल हैं। कुल १,२०,५०,१२० कमल हैं। (४५)

पुव्वावरमेरुमुहं, दुसु दारतिगं पि सदिसि दहमाणा ।
असिईभागपमाणं, सतोरणं णिग्गयणईअं ॥४६॥

अर्थः- दो द्रहों में अपनी दिशा में द्रह के प्रमाण से ८०वें भाग के प्रमाणवाले, तोरणवाले, जिनमें से नदी निकलती है, ऐसे पूर्व में, पश्चिम में और मेरुपर्वत की ओर तीन द्वार हैं। (४६)

जामुत्तरदारदुगं, सेसेसु दहेसु ताण मेरुमुहा ।
सदिसि दहासिईभागा, तयद्धमाणा य बाहिरिया ॥४७॥

अर्थः- शेष द्रहों में दक्षिण में और उत्तर में दो द्वार हैं । उसमें मेरुपर्वत की तरफ के द्वार अपनी दिशा में द्रह के ८०वें भाग के प्रमाणवाले हैं और बाहर के द्वार उससे आधे प्रमाणवाले हैं। (४७)

गंगा सिंधु रत्ता, रत्तवई बाहिरं णइचउक्कं ।
बहिदहपुव्वावरदा-रवित्थरं वहइ गिरिसिहरे ॥४८॥

अर्थः- बाहर के द्रह के पूर्व-पश्चिम द्वार जितने विस्तारवाली गंगा, सिन्धु, रक्ता, रक्तवती ये चार बाहर की नदियाँ पर्वत के शिखर पर बहती हैं । (४८)

पंच सय गंतु णिअगा-वत्तणकूडाउ बहिमुहं वलइ ।
पणसयतेवीसेहिं, साहिअतिकलाहिं सिहराओ ॥४९॥
णिवडइ मगरमुहोवम-वयरामयजिब्भिआइ वयरतले ।
णिअगे णिवायकुंडे, मुत्तावलिसमपवाहेण ॥५०॥

अर्थः- (वे नदियाँ) ५०० योजन तक जाकर अपने आवर्तनकूट से बाहर की ओर बहती हैं । फिर शिखर के ऊपर ५२३ योजन ३ कला बहती है । उसके बाद शिखर पर से मगरमच्छ के मुख के समान भारी जिह्विका से मुक्तावली के समान प्रवाह से वज्र के तलेवाले अपने निपातकुंड में गिरती है। (५०)

दहदारवित्थराओ, वित्थरपण्णासभागजड्डाओ ।
जड्डत्ताओ चउगुण-दीहाओ सव्वजिब्भीओ ॥५१॥

अर्थः- सारी जिह्विकाएँ द्रह के द्वार जितने विस्तारवाली, विस्तार के ५०वें भाग जितनी मोटी और मोटाई से ४ गुणी लम्बी है। (५१)

कुंडंतो अडजोअण-पिहुलो जलउवरि कोसदुगमुच्चो ।
वेइजुओ णइदेवी-दीवो दहदेविसमभवणो ॥५२॥

अर्थः- कुंड के मध्य में ८ योजन चौड़ा, पानी के ऊपर २ गाउ ऊँचा, वेदिकावाला, द्रहदेवी के समान भवनवाला नदीदेवी का द्वीप है। (५२)

जोअणसट्ठिपिहुत्ता, सवायछप्पिहुलवेइतिदुवारा ।
एए दसुंड कुंडा, एवं अण्णे वि णवरं ते ॥५३॥

अर्थः- यह कुंड ६० योजन चौड़ा, ६$\frac{1}{4}$ योजन चौड़ा वेदिका के तीन द्वारवाला और १० योजन गहरा है। इस प्रकार दूसरे कुंड भी हैं। (५३)

एसिं वित्थारतिगं, पडुच्च समदुगुणचउगुणट्ठगुणा ।
चउसट्ठिसोलचउदो, कुंडा सव्वेवि इह णवई ॥५४॥

अर्थः-इन कुंडों के तीन विस्तारों का (कुंड के विस्तार को, द्वीप के विस्तार को और वेदिका के द्वार के विस्तार को) आश्रय लेकर ६४, १६,४, २ कुंडों क्रमशः समान, दोगुने, ४ गुणे और आठ गुणे हैं, इस जंबूद्वीप में कुल ९० कुंड हैं। (५४)

एअं च णइचउक्कं, कुंडाओ बहिदुवारपरिवूढं ।
सगसहसणइसमेअं, वेअड्ढगिरिं पि भिंदेइ ॥५५॥

तत्तो बाहिरखित्त-द्धमज्झओ वलइ पुव्वअवरमुहं ।
णइसत्तसहससहिअं, जगइतलेणं उदहिमेइ ॥५६॥

अर्थः- ये चार नदियाँ कुंड के बाहर के द्वार से निकलकर ७,००० नदियों से युक्त होकर वैताढ्यपर्वत को भी भेदती हैं। उसके बाद बाहर के अर्धक्षेत्र के मध्य में से पूर्व-पश्चिम की ओर मुड़ती हैं और ७,००० नदियों के साथ जगती के नीचे से समुद्र में मिलती हैं। (५६)

धुरि कुंडदुवारसमा, पज्जंति दसगुणा य पिहुलत्ते ।
सव्वत्थ महणईओ, वित्थरपण्णासभागुंडा ॥५७॥

अर्थः- वे नदियाँ प्रारम्भ में कुंड के द्वार जितनी चौड़ी होती हैं और अन्त में १० गुणी चौड़ी होती हैं। सभी महानदियाँ चौड़ाई के ५०वें भाग जितनी गहरी होती हैं। (५७)

पणखित्तमहणईओ, सदारदिसि दहविसुद्धगिरिअद्धं ।
गंतूण सजिब्भीहिं, णिअणिअकुंडेसु णिवडंति ॥५८॥
णिअजिब्भिअपिहुलत्ता, पणवीसंसेण मुत्तु मज्झगिरिं ।
जाममुहा पुव्वुदहिं, इअरा अवरोअहिमुविंति ॥५९॥

अर्थः- पाँच क्षेत्रों की महानदियाँ अपने द्वार की दिशा में पर्वत के विस्तार से द्रह के विस्तार बाद करके उससे आधे तक जाकर अपनी जिह्विका के द्वारा अपने-अपने कुंडों में गिरती हैं। अपनी जिह्विका की चौड़ाई के २५वें भाग जितनी दूर मध्य के पर्वत (वृत वैताढ्य पर्वत-मेरुपर्वत) को छोड़कर दक्षिणमुखी नदी पूर्वसमुद्र में और उत्तरमुखी नदी पश्चिमसमुद्र में जाती हैं। (५९)

हेमवई रोहिअंसा, रोहिआ गंगदुगुणपरिवारा ।
एरण्णवए सुवण्ण-रुप्पकूलाओ ताण समा ॥६०॥

अर्थः-हिमवंतक्षेत्र में गंगानदी से दोगुने परिवारवाली रोहितांशा-

रोहिता नदियाँ बहती हैं। हिरण्यवंतक्षेत्र में उसके समान परिवारवाली सुवर्णकूला-रुप्यकूला नदियाँ बहती हैं। (६०)

हरिवासे हरिकंता, हरिसलिला गंगचउगुणनईआ ।
एसि समा रम्मयए, णरकंता णारिकंता य ॥६१॥

अर्थः- हरिवर्षक्षेत्र में गंगानदी से चारगुणी नदियोंवाली हरिकांता-हरिसलिला नदियाँ बहती हैं, रम्यकक्षेत्र में उसके समान परिवारवाली नरकांता-नारीकांता नदियाँ बहती हैं। (६१)

सीओआ-सीआओ, महाविदेहम्मि तासु पत्तेयं ।
णिवडइ पणलक्ख दुती-ससहस अडतीस णइसलिलं ॥६२॥

अर्थः- महाविदेह क्षेत्र में सीतोदा और सीता नदियाँ हैं, उनमें से प्रत्येक में ५३२०३८ नदियों का पानी गिरता है। (६२)

कुरुणइ चुलसीसहसा, छच्चेवंतरणइउ पइविजयं ।
दो दो महाणईओ, चउदसहस्सा उ पत्तेयं ॥६३॥

अर्थः-कुरुक्षेत्र में ८४,००० नदियाँ, छः अंतरनदियाँ, प्रत्येक विजय में दो-दो महानदियाँ, प्रत्येक की १४,००० नदियाँ। (इसप्रकार सीतोदा-सीता नदियों की प्रत्येक की ५,३२,०३८ नदियाँ होती हैं।) (६३)

अडसयरि महणईओ, बारस अंतरणइउ सेसाओ ।
परिअरणई चउद्दस, लक्खा छप्पण्ण सहसा य ॥६४॥

अर्थः- ७८ महानदियाँ, १२ अंतरनदियाँ तथा शेष १४,५६,००० परिवार नदियाँ (जंबूद्वीप में हैं।) (६४)

एगारडणवकूडा, कुलगिरिजुअलत्तिगे वि पत्तेअं ।
इइ छप्पण्ण चउ चउ, वक्खारेसु त्ति चउसट्ठी ॥६५॥

अर्थः- कुलगिरि के तीन जोड़ों में प्रत्येक के ऊपर ११,८,९ कूट हैं। ये ५६ कूट हैं। वक्षस्कार पर्वत के ऊपर ४-४ कूट हैं। इस प्रकार ६४ कूट हैं। (६५)

सोमणसगंधमाइणि, सग सग विज्जुप्पभि मालवंति पुणो ।
अट्ठट्ठ सयल तीसं, अड णंदणि अट्ठ करिकूडा ॥६६॥

अर्थ:- सोमनस-गंधमादन गजदंत पर्वतों के ऊपर ७-७ कूट हैं। विद्युत्प्रभ-माल्यवंत गजदंतपर्वतों के ऊपर ८-८ कूट हैं। सब मिलाकर ३० कूट है (भद्रशाल वनमें) ८ करिकूट हैं। (६६)

इअ पणसयउच्चा छासट्ठि-सउ(य) कूडा तेसु दीहरगिरीणं ।
पुव्वणइ मेरुदिसि, अंतसिद्धकूडेसु जिणभवणा ॥६७॥

अर्थ:- इसप्रकार ५०० योजन ऊँचे १६६ कूट हैं। उनमें लम्बे पर्वत (छः कुलगिरि, १६ वक्षस्कार पर्वत और ४ गजदंतगिरि) की (क्रमशः) पूर्वदिशा में, नदी की तरफ और मेरुपर्वत की दिशा में अन्तिम सिद्धकूटों के ऊपर जिनभवन हैं। (६७)

ते सिरिगिहाओ दोसय-गुणप्पमाणा तहेव तिदुवारा ।
णवरं अडवीसाहिअ-सयगुणदारप्पमाणमिहं ॥६८॥

अर्थ:- वे श्रीदेवी के घर की अपेक्षा २०० गुणा प्रमाणवाले और ३ द्वारवाले हैं, परन्तु यहाँ द्वार के प्रमाण १२८ गुणा हैं। (६८)

पणवीसं कोससयं, समचउरसवित्थडा दुगुणमुच्चा ।
पासाया कूडेसु, पणसयउच्चेसु सेसेसु ॥६९॥

अर्थ:- ५०० योजन ऊँचे शेष कूटों के ऊपर १२५ गाउ समचतुष्क विस्तारवाले और उससे दोगुने ऊँचे प्रासाद हैं। (६९)

बलहरिस्सहहरिकूडा, णंदणवणि मालवंति विज्जुपभे ।
ईसाणुत्तरदाहिण-दिसासु सहसुच्च कणगमया ॥७०॥

अर्थ:- नंदनवन में, माल्यवंत पर्वत के ऊपर और विद्युत्प्रभपर्वत के ऊपर क्रमशः ईशान, उत्तर और दक्षिण दिशाओं में १००० योजन ऊँचे, सुवर्णमय बलकूट, हरिस्सहकूट और हरिकूट हैं। (७०)

वेअड्ढेसु वि णव णव, कूडा पणवीसकोसउच्चा ते ।
सव्वे तिसय छडुत्तर, एसु वि पुव्वंति जिणकूडा ॥७१॥

अर्थ:-वैताढ्य पर्वत के ऊपर भी २५ गाउ ऊँचे ९-९ कूट हैं। कुल मिलाकर ३०६ हैं। उनके ऊपर भी पूर्व दिशा के छेडे पर सिद्धकूट है। (७१)

ताणुवरिं चेइहरा, दहदेवीभवणतुल्लपरिमाणा ।
सेसेसु अ पासाया, अद्धेगकोसं पिहुच्चत्ते ॥७२॥

अर्थ:-उसके ऊपर द्रहदेवी के भवन के समान परिमाणवाले चैत्य हैं। शेष कूटों के ऊपर १/२ गाउ और १ गाउ चौड़ा और ऊँचे प्रासाद हैं। (७२)

गिरिकरिकूडा उच्च-त्तणाउ समअद्धमूलुवरिरुंदा ।
रयणमया णवरि विअ-ड्ढमज्झिमा तिति कणगरूवा ॥७३॥

अर्थ:- पर्वतों के कूट और हरिकूट उँचाई जितने मूल में चौड़े हैं और ऊपर उससे आधे चौड़े हैं। ये कूट रत्नमय हैं, परन्तु वैताढ्य पर्वत के बीच के ३-३ कूट सुवर्णमय हैं। (७३)

जंबूणयरययमया, जगइसमा जंबुसामलीकूडा ।
अट्ठट्ठ तेसु दहदेवि-गिहसमा चारुचेइहरा ॥७४॥

अर्थ:- जंबूवृक्ष और शाल्मलीवृक्ष के ८-८ कूट जगती के समान प्रमाणवाले और क्रमशः जांबूनद सुवर्ण और रजत के हैं। उनके ऊपर द्रहदेवी के भवन के समान सुन्दर चैत्य हैं। (७४)

तेसि समोसहकूडा, चउतीसं चुल्लकुंडजुअलंतो ।
जंबूणएसु तेसु अ, वेअड्ढेसुं व पासाया ॥७५॥

अर्थ:- उसके (वृक्षकूटों के) समान प्रमाणवाले, छोटे कुंडों के जोड़ों के बीच, ३४ ऋषभकूट हैं। जांबूनद सुवर्ण के उन कूटों के ऊपर वैताढ्यपर्वत के ऊपर के प्रासाद के समान प्रासाद हैं। (७५)

पंचसए पणवीसे, कूडा सव्वे वि जंबुदीवम्मि ।
ते पत्तेअं वरवण-जुआहि वेईहिं परिक्खित्ता ॥७६॥

अर्थ:- जंबूद्वीप में कुल ५२५ कूट हैं। प्रत्येक कूट सुन्दर वनों से युक्त वेदिकाओं से आच्छादित हैं। (७६)

छसयरिकूडेसु तहा, चूला चउवणतरुस जिणभवणा।
भणिया जंबुद्दीवे, सदेवया सेसठाणेसु ॥७७॥

अर्थ:- जंबूद्वीप में ७६ कूटों (कुलगिरि के ६ कूट, गजदंतगिरि के ४ कूट, वैताढ्य के ३४ कूट, वक्षस्कार पर्वतों के १६ कूट, जंबूवृक्ष के ८ कूट, शाल्मलीवृक्ष के ८ कूट) के ऊपर, मेरुपर्वत की चूलिका के ऊपर, ४ वनों में, जंबूवृक्ष-शाल्मलीवृक्ष के ऊपर जिनभवन कहे गए हैं। शेष स्थानों में देवता के भवन हैं। (७७)

करिकूडकुंडणइदह-कुरुकंचणयमलसमविअड्ढेसु।
जिणभवणविसंवाओ, जो तं जाणंति गीअत्था ॥७८॥

अर्थ:- करिकूट, कुंड, नदी, द्रह, कुरुक्षेत्र में कंचनगिरि, ४ यमक पर्वत, वृत्तवैताढ्य पर्वतों के ऊपर जिनभवन होने के जो विसंवाद हैं, उसे गीतार्थ जानते हैं। (७८)

पुव्वावरजलहिंता, दसुच्चदसपिहुलमेहलचउक्का।
पणवीसुच्चा पण्णा-सतीसदसजोअणपिहुत्ता ॥७९॥
वेईहिं परिक्खित्ता, सखयरपुरपण्णसट्ठिसेणिदुगा।
सदिसिंदलोगपालो-वभोगि उवरिल्लमेहलया ॥८०॥
दुदुखंडविहिअभरहे-रवया, दुदुगुरुगुहा य रुप्पमया।
दो दीहा वेअड्ढा, तहा दुतीसं च विजएसु ॥८१॥
णवरं ते विजयंता, सखयरपणपण्णपुरदुसेणीआ।
एवं खयरपुराइं, सगतीससयाइं चालाइं ॥८२॥

अर्थ:- पूर्व और पश्चिम समुद्र के किनारेवालें, १० योजन ऊँची - १० योजन चौड़ी ४ मेखलावाला, २५ योजन ऊँचा, ५०-३०-१० योजन चौड़ा, वेदिका से आवृत्त, विद्याधरों की ५० और ६० नगरों की

दो श्रेणीवाला, अपनी दिशा के इन्द्र के लोकपालों के उपभोग के योग्य ऊपर की मेखलावाला, भरत-ऐरवत के दो-दो भाग करनेवाला, दो-दो बड़ी गुफाओंवाला, चांदी के दो दीर्घ वैताढ्य पर्वत हैं तथा विजयों में ३२ दीर्घ वैताढ्य पर्वत हैं, परन्तु वे विजय तक के और विद्याधरों के ५५-५५ नगरों की दो श्रेणियोंवाला है। इसप्रकार ३,७४० विद्याधरों के नगर हैं। (७९-८२)

गिरिवित्थरदीहाओ, अडुच्चचउपिहुपवेसदाराओ।
बारसपिहुलाउ अडु-च्चयाउ वेअड्ढ दुगुहाओ ॥८३॥

अर्थ:- वैताढ्यपर्वत की चौड़ाई जितनी लम्बी, ८ योजन ऊँचे - ४ योजन चौड़े- ४ योजन प्रवेशवाले द्वारोंवाली, १२ योजन चौड़ी, ८ योजन ऊँची, वैताढ्य पर्वत की दो गुफाएँ हैं। (८३)

तम्मज्झदुओअणअं-तराउ तितिवित्थराउ दुणईओ।
उम्मग्गनिमग्गाओ, कडगाउ महाणईगयाओ ॥८४॥

अर्थ:- उन गुफाओं के मध्य में २ योजन के अन्तरवाली, ३-३ योजन चौड़ी उन्मग्ना और निमग्ना नाम की दो नदियाँ हैं। वे गुफाओं की दीवाल में से महानदियों में मिलती हैं। (८४)

इह पइभित्तिं गुणवण्णमंडले लिहइ चक्कि दुदुसमुहे।
पणसयधणुहपमाणे, बारेगडजोअणुज्जोए ॥८५॥

अर्थ:- इस गुफा में चक्रवर्ती ५०० घनुष्य प्रमाणवाला, (चौड़ाई में) १२ योजन, (लम्बाई में) १ योजन, (ऊँचाई में) ८ योजन प्रकाश करनेवाला आमने-सामने दो, प्रत्येक दीवाल के ऊपर ४९-४९ मंडल लिखते हैं। (८५)

सा तमिसगुहा जीए, चक्की पविसेई मज्झखंडंतो।
उसहं अंकिअ सो जी-ए वलइ सा खंडगपवाया ॥८६॥

अर्थ:- जिससे चक्रवर्ती मध्यखंड में प्रवेश करता है, वह तमिस्रा

गुफा है। ऋषभकूट को अंकित करके वह जिससे वापस जाता है, वह खंडप्रपात गुफा है। (८६)

कयमाल-नट्टमालय-सुराउ वद्धइणिबद्धसलिलाउ।
जा चक्की ता चिट्ठंति, ताओ उग्घडियदाराओ ॥८७॥

अर्थः-कृतमाल और नृत्तमाल देवों से अधिष्ठित, वर्धकीरत्न से बँधी हुई नदियोंवाली वे गुफाएँ, जहाँ तक चक्रवर्ती रहते हैं, वहाँ तक खुले द्वारवाली रहती है। (८७)

बहिखंडंतो बारस-दीहा नववित्थडा अउज्झपुरी।
सा लवणा वेअड्ढा, चउदहिअसयं चिगारकला ॥८८॥

अर्थः- बाहरी खंड के मध्य में १२ योजन लम्बी, ९ योजन चौड़ी, अयोध्यानगरी है। वह लवणसमुद्र और वैताढ्यपर्वत से ११४ योजन और ११ कला दूर है। (८८)

चक्किवसणइपवेसे, तित्थदुगं मागहो पभासो अ।
ताणंतो वरदामो, इह सव्वे बिउत्तरसयं ति ॥८९॥

अर्थः- चक्रवर्ती के वश में नदी के प्रवेशस्थान में मागध और प्रभास दो तीर्थ हैं। उन दोनों के बीच में वरदाम तीर्थ है। इस जंबूद्वीप में कुल १०२ तीर्थ हैं। (८९)

भरहेवरए छछअरयमयावसप्पिणिउसप्पिणीरूवं।
परिभमइ कालचक्कं, दुवालसारं सया वि कमा ॥९०॥

अर्थः- भरत और ऐरवत में छः-छः आरा की उत्सर्पिणी - अवसर्पिणी रूप, १२ आरा का कालचक्र हमेशा क्रमशः घूमता रहता है। (९०)

सुसमसुसमा य सुसमा, सुसमदुसमा य दुसमसुसमा य।
दुसमा य दुसमदुसमा, कमुक्कमा दुसु वि अरछक्कं ॥९१॥

अर्थः- दोनों उत्सर्पिणी में क्रम से और उत्क्रम से सुषमसुषम, सुषम, सुषमदुःषम, दुःषमसुषम, दुःषम और दुःषमदुःषम - ये छः आरा हैं। (९१)

पुव्वुत्तपल्लिसमसय-अणुग्गहणा णिट्ठिए हवइ पलिओ।
दसकोडिकोडिपलिएहिं सागरो होइ कालस्स ॥९२॥

अर्थः- पूर्वोक्त प्याला में से प्रत्येक सौ वर्ष के बाद बाल का एक टुकड़ा निकालने से प्याला खाली होता है, वह काल काल का एक पल्योपम है। १० कोडाकोडी पल्योपम से एक सागरोपम होता है। (९२)

सागरचउतिदुकोडा-कोडिमिए अरतिगे नराण कमा।
आऊ तिदुइगपलिआ, तिदुइगकोसा तणुच्चत्तं ॥९३॥

अर्थः- ४, ३, २ कोडाकोडी सागरोपम मापवाले तीन आरा में मनुष्यों का आयुष्य क्रमशः ३, २, १ पल्योपम है और शरीर की ऊँचाई क्रमशः ३, २, १ गाउ है। (९३)

तिदुइगदिणेहिं तुबरि-बयरामलमित्तु तेसिमाहारो।
पिट्ठकरंडा दोसय, छप्पण्णा तद्दलं च दलं ॥९४॥

अर्थः- उनका आहार क्रमशः ३, २, १ दिनों में और तुबेर, बैर और आंवला जितना होता है। उनकी पसलियाँ क्रमशः २५६, उससे आधी (१२८) और उससे आधी (६४) है। (९४)

गुणवण्णदिणे तह पनर-पणरअहिए अवच्चपालणया।
अवि सयलजिआ जुअला, सुमणसुरूवा य सुरगइआ ॥९५॥

अर्थः-उनका सन्तानपालन ४९ दिन और १५-१५ दिन अधिक (६४दिन, ८९ दिन) है। वे सम्पूर्ण पाँच इन्द्रियवाले, युगलिक, उत्तम मनवाले, सुन्दर रूपवाले और देवगति में जानेवाले हैं। (९५)

तेसि मत्तंग १ भिंगा २ तुडिअंगा ३ जोइ ४ दीव ५ चित्तंगा ६।
चित्तरसा ७ मणिअंगा, ८ गेहागारा ९ अणिअयक्खा १० ॥९६॥
पाणं १ भायण २ पिच्छण ३,
रविपह ४ दीवपह ५ कुसुम ६ माहारो ७।
भूसण ८ गिह ९ वत्थासण १०,
कप्पदुमा दसविहा दिंति ॥९७॥

अर्थ:- उन्हें मत्तंग, भृंग, त्रुटितांग, ज्योतिरंग, दीपांग, चित्रांग, चित्ररसांग, मणितांग, गेहाकार, अनियत (अनग्न) ये दस प्रकार के कल्पवृक्ष क्रमश: पानी, भाजन (बर्त्तन), नाटक, सूर्य की प्रभा, दीपक की प्रभा, पुष्प, आहार, आभूषण, घर, वस्त्र देते हैं। (९६, ९७)

मणुआउसम गयाई, हयाइ चउरंसजाइ अट्ठंसा।
गोमहिसुट्टखराई, पणंस साणाइ दसमंसा ॥९८॥
इच्चाइ तिरच्छाण वि, पायं सव्वारएसु सारिच्छं।
तइआरसेसि कुलगर-णयजिणधम्माइ उप्पत्ती ॥९९॥

अर्थ:-हाथी आदि मनुष्यायुष्य के समान आयुष्यवाले हैं, घोड़ा आदि मनुष्यायुष्य के चौथे भाग के आयुष्यवाले हैं, बकरा आदि मनुष्यायुष्य के आठवें भाग के आयुष्यवाले हैं, गाय-भैंस-ऊँट-गधे आदि मनुष्यायुष्य के पाँचवें भाग के आयुष्यवाले हैं, कुत्ते आदि मनुष्यायुष्य के दसवें भाग के आयुष्यवाले हैं, इत्यादि तिर्यंचों का आयुष्य भी प्राय: सभी आरों में समान होता है। जब तीसरा आरा बाकी रहता है, तब कुलकरों की, नीति की और जिनधर्म की उत्पत्ति होती है। (९८, ९९)

कालदुगे तिचउत्था-रगेसु एगूणणवइपक्खेसु।
सेसि गएसुं सिज्झंति हुंति पढमंतिमजिणिंदा ॥१००॥

अर्थ:-दोनों काल (उत्सर्पिणी और अवसर्पिणी) में तीसरे-चौथे आरे में ८९ पक्ष बाकी होने पर और बीत जाने पर पहले और अन्तिम भगवान सिद्ध होते हैं और जन्म लेते हैं। (१००)

बायालसहसवरसू-णिगकोडाकोडिअयरमाणाए।
तुरिए नराउ पुव्वा-ण कोडि तणु कोसचउरंसं ॥१०१॥

अर्थ:- ४२,००० वर्ष न्यून १ कोडाकोडी सागरोपम प्रमाणवाले तीसरे आरे में मनुष्यायुष्य १ पूर्वक्रोड वर्ष है और शरीरप्रमाण १ गाउ का चौथा भाग है। (१०१)

वरिसेगवीससहस-प्पमाणपंचमरए सगरुच्चा।
तीसहिअसयाउ णरा, तयंति धम्माइआणंतो ॥१०२॥

अर्थ:- २१,००० वर्ष प्रमाणवाले पाँचवें आरे में मनुष्य ७ हाथ ऊँचा और १३० वर्ष के आयुष्यवाला होता है। उसके (पाँचवें आरे के) अन्त होने पर धर्म आदि का अन्त हो जाता है। (१०२)

खारग्गिविसाईहिं, हाहाभूआकयाइपुहवीए।
खगबीय विअड्ढाइसु, णराइबीयं बिलाईसु ॥१०३॥

अर्थ:- क्षार-अग्नि-विष आदि से हाहाकार की गई पृथ्वी के ऊपर पक्षी का बीज वैताढ्य आदि पर्वतों में और मनुष्य आदि का बीज बिल आदि में होता है। (१०३)

बहुमच्छचक्कवहणइ-चउक्कपासेसु णव णव बिलाई।
वेअड्ढोभयपासे, चउआलसयं बिलाणेवं ॥१०४॥

अर्थ:- वैताढ्यपर्वत के दोनों ओर बहुत सी मछलियोंवाली और चक्र के मार्ग जितने प्रवाहवाली चार नदियों के बगल में ९-९ बिल हैं। इस प्रकार १४४ बिल हैं। (१०४)

पंचमसमछट्ठारे, दुकरुच्चा वीसवरिसआउ णरा।
मच्छासिणो कुरूवा, कूरा बिलवासि कुगइगमा ॥१०५॥

अर्थ:- पाँचवें आरे के समान प्रमाणवाले छठे आरे में २ हाथ ऊँचे, २० वर्ष के आयुष्यवाले, मछली खानेवाले, खराब रूपवाले, क्रूर, दुर्गति में जानेवाले, बिलवासी मनुष्य हैं। (१०५)

णिल्लज्जा णिव्वसणा, खरवयणा पिअसुआइठिइरहिआ।
थीओ छवरिसगब्भा, अइदुहपसवा बहुसुआ य ॥१०६॥

अर्थ:- वे लज्जारहित, वस्त्ररहित, कठोर वचन बोलनेवाले, पिता-पुत्र आदि की मर्यादा से रहित हैं, स्त्रियाँ छ: वर्ष में गर्भ को धारण करनेवाली, अत्यन्त दु:खपूर्वक जन्म देनेवाली और बहुत से पुत्रोंवाली होती हैं। (१०६)

इअ अरछक्केणवस-प्पिणि त्ति ओसप्पिणी वि विवरीआ ।
वीसं सागरकोडा-कोडीओ कालचक्कम्मि ॥१०७॥

अर्थः- इस प्रकार छः आरा के द्वारा अवसर्पिणी होती है। उत्सर्पिणी भी विपरीत है। कालचक्र में २०कोडाकोडी सागरोपम है। (१०७)

कुरुदुगि हरिरम्मयदुगि, हेमवएरण्णवइदुगि विदेहे ।
कमसो सयावसप्पिणि, अरयचउक्काइसमकालो ॥१०८॥

अर्थः- दो कुरु में, हरिवर्ष-रम्यक् इन दो क्षेत्रों में, हिमवंत-हिरण्यवंत इन दो क्षेत्रों में, महाविदेह क्षेत्र में हमेशा क्रमशः अवसर्पिणी के चार आरा के समान काल है। (१०८)

हेमवएरण्णवए, हरिवासे रम्मए य रयणमया ।
सद्दावइ विअडावइ, गंधावइ मालवंतक्खा ॥१०९॥
चउवट्टविअड्ढा सा-इअरुणपउमप्पभाससुरवासा ।
मूलुवरि पिहुत्ते तह, उच्चत्ते जोयणसहस्सं ॥११०॥

अर्थः-हिमवंत, हिरण्यवंत, हरिवर्ष और रम्यक् में रत्न के, शब्दापाती-विकटापाती-गंधापाती-माल्यवंत नामक, स्वाति-अरुण-पद्म-प्रभास देवों के आवासरूप चार वृत्तवैताढ्यपर्वत हैं। उनके मूल में और ऊपर चौड़ाई और ऊँचाई १,००० योजन है। (१०९-११०)

मेरु वट्टो सहस्स-कंदो लक्खूसिओ सहस्सुवरिं ।
दसगुण भुवि तं सणवइ, दसिगारंसं पिहुलमूले ॥१११॥

अर्थः- मेरुपर्वत गोल है, १,००० योजन कंद (भूमि में) है, १ लाख योजन ऊँचा है, ऊपर १,००० योजन चौड़ा है, भूमि पर १० गुणा चौड़ा है, मूल में नब्बे सहित वह और दस ग्यारहवें भाग जितना (१०,०९० १०/११ योजन) चौड़ा है। (१११)

पुढवुवलवयरसक्कर-मयकंदो उवरि जाव सोमणसं ।
फलिहंकरययकंचण-मओ अ जंबूणओ सेसो ॥११२॥

अर्थः- मेरुपर्वत का कंद पृथ्वी, पत्थर, हीरा, कंकड़वाला है। ऊपर सौमनस वन तक स्फटिक, अंक, रजत सुवर्ण का है। शेषभाग जांबूनद सुवर्ण का है। (११२)

तदुवरि चालीसुच्चा, वट्टा मूलुवरि बार चउ पिहुला ।
वेरुलिया वरचूला, सिरिभवणपमाणचेइहरा ॥११३॥

अर्थः- मेरुपर्वत के ऊपर ४० योजन ऊँची, गोल, मूल में और ऊपर १२ योजन और ४ योजन चौड़ी, वैडूर्यरत्न की, श्रीदेवी के भवन प्रमाण के चैत्यवाली श्रेष्ठ चूलिका है। (११३)

चूलातलाउ चउसय, चउणवई वलयरूवविक्खंभं ।
बहुजलकुंडं पंडगवणं च सिहरे सवेईअं ॥११४॥

अर्थः- मेरुपर्वत के शिखर पर चूलिका की तलहटी से ४९४ योजन चौड़ाईवाला, वलयरूप, बहुत पानी के कुंडवाला वेदिका सहित पंडकवन है। (११४)

पण्णासजोअणेहिं, चूलाओ चउदिसासु जिणभवणा ।
सविदिसि सक्कीसाणं, चउवाविजुआ य पासाया ॥११५॥

अर्थः- (पंडकवन में) चूलिका से ५० योजन के बाद चारों दिशाओं में जिनभवन हैं और विदिशा में शक्र और ईशानेन्द्र के चार वावडियों से युक्त प्रासाद हैं। (११५)

कुलगिरिचेइहराणं, पासायाणं चिमे समट्ठगुणा ।
पणवीसरुंददुगुणा-यामाउ इमाउ वावीओ ॥११६॥

अर्थः- ये (चैत्य और प्रासाद) कुलगिरि के चैत्यों और प्रासादों के समान और आठगुणा हैं। ये वावडियाँ २५ योजन चौड़ी और दोगुनी लम्बाईवाली हैं। (११६)

जिणहरबहिदिसि जोअण-पणसय दीहद्धपिहुल चउउच्चा ।
अद्धससिसमा चउरो, सिअकणयसिला सवेईआ ॥११७॥

अर्थ:- जिनभवनों के बाहर की दिशा में ५०० योजन लम्बी, आधी चौड़ी, ४ योजन ऊँची, अर्धचन्द्र के समान, वेदिकावाली, सफेद सुवर्ण की चार शिलाएँ हैं। (११७)

सिलमाणट्ठसहस्सं-समाणसीहासणेहिं दोहिं जुआ।
सिल पंडुकंबला रत्तकंबला पुव्वपच्छिमओ ॥११८॥

अर्थ:- शिला के प्रमाण के ८,०००वें भाग के प्रमाणवाले दो सिंहासनों से युक्त, पूर्व-पश्चिम में पांडुकंबला और रक्तकंबला नामकी शिलाएँ हैं। (११८)

जामुत्तराउ ताओ, इगेगसीहासणाउ अइपुव्वा।
चउसु वि तासु नियासण-दिसि भवजिणमज्जणं होइ ॥११९॥

अर्थ:-दक्षिण और उत्तर में १-१ सिंहासनवाली 'अति' पूर्वक नामवाली वे शिलाएँ हैं। उन चारों शिलाओं के ऊपर अपने सिंहासन की दिशा में उत्पन्न हुए तीर्थंकर का जन्माभिषेक होता है। (११९)

सिहरा छत्तीसेहिं, सहसेहिं मेहलाइ पंच सए।
पिहुलं सोमणसवणं, सिलविणु पंडगवणसरिच्छं ॥१२०॥

अर्थ:- शिखर से ३६,००० योजन पर मेखला में ५०० योजन चौड़ा, शिला से रहित पंडकवन के समान सौमनस वन है। (१२०)

तब्बाहिरि विक्खंभो, बायालसयाइं दुसयरि जुआइं।
अट्ठेगारसभागा, मज्झे तं चेव सहसूणं ॥१२१॥

अर्थ:- उसके बाहर मेरुपर्वत की चौड़ाई ४,२७२ ८/११ योजन है। उसके अन्दर १,००० योजन न्यून वही चौड़ाई है। (१२१)

तत्तो सड्ढदुसट्ठी-सहसेहिं णंदणं पि तह चेव।
णवरि भवणपासायं-तरट्ठ दिसिकुमरिकूडा वि ॥१२२॥

अर्थ:-वहाँ से ६२,५०० योजन की दूरी पर नंदनवन भी उसी प्रकार है, परन्तु जिनभवनों और प्रासादों के अन्तर की ८ दिशाओं में ८ दिक्कुमारियों के कूट भी हैं। (१२२)

णवसहस णवसयाइं, चउपण्णा छच्चिगारहाया य।
णंदणबहिविक्खंभो, सहसूणो होइ मज्झम्मि ॥१२३॥

अर्थ:- नंदनवन के बाहर मेरुपर्वत की चौड़ाई ९,९५४ ६/११ योजन है। अन्दर की चौड़ाई १,००० योजन न्यून है। (१२३)

तदहो पंचसएहिं, महिअलि तह चेव भद्दसालवणं।
णवरमिह दिग्गइ च्चिअ, कूडा वणवित्थरं तु इमं ॥१२४॥

अर्थ:- उसके (नंदनवन के) नीचे ५०० योजन के बाद पृथ्वीतल के ऊपर उसी प्रकार भद्रशालवन है, परन्तु यहाँ दिग्गज के समान कूट हैं। वन का विस्तार इस प्रकार है। (१२४)

बावीस सहस्साइं, मेरुओ पुव्वओ अ पच्छिमओ।
तं चाडसीविहत्तं, वणमाणं दाहिणुत्तरओ ॥१२५॥

अर्थ:- मेरुपर्वत के पूर्व में और पश्चिम में २२,००० योजन है। ८८ से विभाजित दक्षिण में और उत्तर में वन का प्रमाण है। (१२५)

छव्वीस सहस चउ सय, पणहत्तरि गंतु कुरुणइपवाया।
उभओ विणिग्गया गय-दंता मेरुम्मुहा चउरो ॥१२६॥

अर्थ:-कुरुक्षेत्र की नदी के प्रपातकुंडों से दोनों ओर २६,४७५ योजन जाकर मेरुपर्वत के सामने निकले हुए चार गजदन्त पर्वत हैं। (१२६)

अग्गेआइसु पयाहि-णेण सिअरत्तपीअनीलाभा।
सोमणसविज्जुप्पह-गंधमायणमालवंतक्खा ॥१२७॥

अर्थ:- (वे पर्वत) अग्नि आदि कोणें में प्रदक्षिणा के क्रम से श्वेत-लाल-पीले-नीले वर्णों के सौमनस, विद्युत्प्रभ, गंधमादन और माल्यवन्त नामक पर्वत हैं। (१२७)

अहलोयवासिणीओ, दिसाकुमारीउ अट्ठ एएसिं।
गयदंतगिरिवराणं, हिट्ठा चिट्ठंति भवणेसु ॥१२८॥

अर्थ:- अधोलोकवासी ८ दिक्कुमारियाँ इन आठ गजदंतपर्वतों के नीचे भवनों में रहती हैं। (१२८)

धुरि अंते चउपणसय, उच्चत्ति पणसयाऽसिसमा ।
दीहत्ति इमे छकला, दसय णवुत्तर सहसतीसं ॥ १२९॥

अर्थ:- वे प्रारम्भ में और अन्त में ४००-५०० योजन ऊँचा, ५०० योजन चौड़ा और तलवार जैसे हैं। ये पर्वत ३०,२०९ योजन ६ कला लम्बे हैं। (१२९)

ताणंतो देवुत्तर-कुराउ चंदद्धसंठियाउ दुवे ।
दससहसविसुद्धमहा-विदेहदलमाणपिहुलाओ ॥१३०॥

अर्थ:- उनके बीच में अर्धचन्द्र के आकार के दो देवकुरु-उत्तरकुरु क्षेत्र हैं। वह महाविदेह क्षेत्र के विस्तार में से १०,००० योजन बाद करके उससे आधा चौड़ा है। (१३०)

णइपुव्वावरकूले, कणगमया बलसमा गिरी दो दो ।
उत्तरकुराइ जमगा, विचित्तचित्ता य इअरीए ॥१३१॥

अर्थ:-(सीतोदा-सीता) नदी के पूर्व-पश्चिम किनारे सुवर्ण के, बलकूट के समान दो-दो पर्वत हैं। उत्तरकुरु में यमकसमकपर्वत हैं और दूसरे (देवकुरु) में विचित्र-चित्र पर्वत हैं। (१३१)

णइवहदीहा पण पण, हरया दुदुदारया इमे कमसो ।
णिसहो तह देवकुरु, सूरो सुलसो य विज्जुपभो ॥१३२॥
तह णीलवंत उत्तर-कुरु चंदेरवय मालवंतु त्ति ।
पउमदहसमा णवरं, एएसु सुरा दहसणामा ॥१३३॥

अर्थ:- (देवकुरु-उत्तरकुरु) में नदी के प्रवाह में लम्बे, दो-दो द्वारवाले क्रमश- पाँच-पाँच ह्रद हैं - निषध, देवकुरु, सूर, सुलस और विद्युत्प्रभ तथा नीलवंत, उत्तरकुरु, चन्द्र, ऐरवत और माल्यवंत। ये ह्रद पद्मद्रह के समान हैं, परन्तु इन द्रहों में द्रह के नामवाले देव हैं। (१३२, १३३)

अड सय चउतीस जोअ-णाइं तह सेगसत्तभागाओ ।
इक्कारस य कलाओ, गिरिजमलदहाणमंतरयं ॥१३४॥

अर्थ:- कुलगिरि, यमलगिरि, द्रह और (मेरुपर्वत) का अन्तर ८३४ योजन ११ १/७ कला है। (१३४)

दहपुव्वावरदसजो-यणेहि दस दस विअड्ढकूडाणं ।
सोलसगुणप्पमाणा, कंचणगिरिणो दुसय सव्वे ॥१३५॥

अर्थ:- द्रहों की पूर्व-पश्चिम दिशा में १० योजन दूर वैताढ्यपर्वत के कूटों की अपेक्षा १६ गुणा अधिक प्रमाणवाले १०-१० कंचनगिरि पर्वत हैं। वे सभी कुल २००हैं। (१३५)

उत्तरकुरुपुव्वद्धे, जंबूणय जंबुपीढमंतेसु ।
कोसदुगुच्चं कमि वड्ढमाणु चउवीसगुणं मज्झे ॥१३६॥

अर्थ:- उत्तरकुरु के पूर्वार्द्ध में जांबूनद सुवर्ण का , अन्त में दो गाउ ऊँचा, क्रमशः बढ़ते हुए बीच में २४ गुणा ऊँचा जंबूपीठ है। (१३६)

पणसयवट्टपिहुत्तं, परिखित्तं तं च पउमवेईए ।
गाउदुगद्धुच्चपिहु-त्तचारुचउदारकलिआए ॥१३७॥

अर्थ:- वह ५०० योजन गोल विस्तारवाला, दो गाउ ऊँचा और १/२ गाउ चौड़ा सुन्दर ४ द्वारोंवाली पद्मवरवेदिका से घिरा हुआ है। (१३७)

तं मज्झे अडवित्थर-चउच्चमणिपीढिआइ जंबुतरु ।
मूले कंदे खंधे, वरवयरारिट्ठवेरुलिए ॥१३८॥
तस्स य साहपसाहा, दला य बिंटा य पल्लवा कमसो ।
सोवण्णजायरूवा, वेरुलितवणिज्जजंबुणया ॥१३९॥
सो रययमयपवालो, राययविडिमो य रयणपुप्फफलो ।
कोसदुगं उव्वेहे, थुडसाहाविडिमविक्खंभो ॥१४०॥

अर्थ:- उस पीठ के मध्य भाग में ८ योजन विस्तारवाली और ४ योजन ऊँची मणिपीठिका के ऊपर जामुन का वृक्ष है। उसकी जड़, कंद

और स्कंध सुन्दर वज्ररत्न, अरिष्टरत्न और वैडूर्यरत्न के हैं। उसकी शाखा-प्रशाखा, पत्ते, डंठल और नव पल्लव क्रमशः सुवर्णमय, जातरूपमय, वैडूर्यमय, तपनीयमय और जांबूनदमय हैं। उसके प्रवाल रजतमय है, विडिमा (ऊपर की शाखाएँ) रजतमय हैं, पुष्प-फल रत्न के हैं। वह दो गाउ गहरा है। उसका थड, शाखा और विडिमा (बीच की ऊँची शाखा) की चौड़ाई दो गाउ है। (१३८-१४०)

थुडसाहविडिमदीह-त्ति गाउए अट्ठपणरचउवीसं ।
साहा सिरिसमभवणा, तम्माणसचेइअं विडिमं ॥१४१॥

अर्थः- उसके थड, शाखा और विडिमा की लम्बाई क्रमशः ८, १५, २४ गाउ है। शाखा श्रीदेवी के भवन जैसे भवनवाली है। इतने प्रमाणवाली चैत्यवाली विडिमा है। (१४१)

पुव्विल्ल सिज्ज तिसु आ-सणाणि भवणेसु णाढिअसुरस्स ।
सा जंबू बारसवे-इआहि कमसो परिक्खित्ता ॥१४२॥

अर्थः- पूर्वदिशा के भवन में अनादृतदेव की शय्या है और शेष तीन भवनों में उसके आसन है। वह जांबूवृक्ष क्रमशः १२ वेदिकाओं से घिरा हुआ है। (१४२)

दहपउमाणं जं वित्थरं तु तमिहावि जंबुरुक्खाणं ।
नवरं महयरियाणं, ठाणे इह अग्गमहिसीओ ॥१४३॥

अर्थः-द्रह के कमलों का जो विस्तार कहा गया है, वह यहाँ भी जंबूवृक्षों का है, परन्तु महत्तरिकाओं के स्थान पर यहाँ अग्रमहिषियाँ हैं। (१४३)

कोसदुसएहिं जंबू, चउद्दिसिं पुव्वसालसमभवणा ।
विदिसासु सेसतिसमा, चउवाविजुया य पासाया ॥१४४॥

अर्थः- जंबूवृक्ष की चारों दिशाओं में २०० गाउ दूर पूर्वशाखा के भवन जैसे भवन हैं, विदिशाओं में शेष ३ शाखा के भवनों के समान ४ वावडीवाले प्रासाद हैं। (१४४)

ताणंतरेसु अड जिण-कूडा तह सुरकुराइ अवरद्धे ।
राययपीढे सामालि-रुक्खो एमेव गरुलस्स ॥१४५॥

अर्थः- उसके अन्तर में ८ जिनकूट हैं तथा देवकुरु के पश्चिमार्ध में रजत की पीठ पर इसी प्रकार गरुडदेव का शाल्मलीवृक्ष है। (१४५)

बत्तीस सोल बारस, विजया वक्खार अंतरणईओ ।
मेरुवणाओ पुव्वा-वरासु कुलगिरिमहणयंता ॥१४६॥

अर्थः-मेरुपर्वत के वन से पूर्व-पश्चिम में कुलगिरि और महानदी के अन्तवाले ३२, १६, १२ विजय, वक्षस्कारपर्वत और अन्तरनदियाँ हैं। (१४६)

विजयाण पिहुत्ति सग-ट्ठभाग बारुत्तरा दुवीससया ।
सेलाणं पंचसए, सवेइणइ पन्नवीससयं ॥१४७॥

अर्थः- विजयों की चौड़ाई २,२१२ ७/८ योजन है, पर्वतों की चौड़ाई ५०० योजन है, अन्तरनदी की चौड़ाई १२५ योजन है। (१४७)

सोलससहस्स पणसय, बाणउआ तह य दो कलाओ य ।
एएसिं सव्वेसिं, आयामो वणमुहाणं च ॥१४८॥

अर्थः- इन सबकी और वनमुखों की लम्बाई १६,५९२ योजन और दो कला है। (१४८)

गयदंतगिरिव्वुच्चा, वक्खारा ताणमंतरणईणं ।
विजयाणं चभिहाणा-इं मालवंता पयाहिणओ ॥१४९॥

अर्थः- गजदंतपर्वतों के समान ही वक्षस्कारपर्वत ऊँचे हैं। उनकी अंतरनदियों के और विजयों के नाम माल्यवंत पर्वत से प्रदक्षिणा क्रम में (इस प्रकार है) (१४९)

चित्ते१ य बंभकूडे२, णलिणीकूडे३ य एगसेले४ य ।
तिउडे५ वेसमणे६ वि य, अंजण७ मायंजणे८ चेव ॥१५०॥
अंकावइ९ पम्हावइ१०, आसीविस११ तह सुहावहे१२ चंदे१३ ।
सूरे१४ णागे१५ देवे१६, सोलस वक्खारगिरिणामा ॥१५१॥

अर्थ:- चित्र, ब्रह्मकूट, नलिनीकूट, एकशैल, त्रिकूट, वैश्रमण, अंजन, मातंजन, अंकापाती, पक्ष्मापाती, आशीविष, सुखावह, चंद्र, सूर, नाग, देव - ये १६ वक्षस्कार पर्वतों के नाम हैं। (१५०, १५१)

गाहावई १ दहवई २, वेगवई ३ तत्त ४ मत्त ५ उम्मत्ता ६ ।
खीरोय ७ सीयसोया ८, तह अंतोवाहिणी ९ चेव ॥१५२॥
उम्मीमालिणि १० गंभीरमालिणी ११ फेणमालिणी १२ चेव ।
सव्वत्थ वि दसजोयण-उंडा कुंडुब्भवा एया ॥१५३॥

अर्थ:- गाहावती, द्रहवती, वेगवती, तप्ता, मत्ता, उन्मत्ता, क्षीरोदा, शीतस्रोता, अंतर्वाहिनी, उर्मिमालिनी, गंभीरमालिनी, फेनमालिनी, (ये १२ अंतरनदियों के नाम हैं) ये अंतरनदियाँ कुंड में से उत्पन्न हुई है और ये सभी १० योजन गहरी हैं। (१५२-१५३)

कच्छु१ सुकच्छो२ य, महा-कच्छो३ कच्छावई४ तहा ।
आवत्तो५ मंगलावत्तो६, पुक्खलो७ पुक्खलावाई८ ॥१५४॥
वच्छु९ सुवच्छो१० य, महा-वच्छो११ वच्छावई१२ वि य ।
रम्मो१३ य रम्मओ१४ चेव, रमणी१५ मंगलावई१६ ॥१५५॥
पम्हु१७ सुपम्हो१८ य, महा-पम्हो१९ पम्हावई२० तओ ।
संखो२१ णलिणणामा२२ य, कुमुओ२३ णलिणावई२४ ॥१५६॥
वप्पु२५ सुवप्पो२६ अ, महा-वप्पो२७ वप्पावई२८ त्ति य ।
वग्गू२९ तहा सुवग्गू३० य, गंधिलो३१ गंधिलावई३२ ॥१५७॥

